कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,
पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005
PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005
Phone: 0512-2217957
Email: rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-ए-24/12/1/प्र.श्रे.लि./1/2018-स्था. दिनांक- 28-11-2024

परिपत्र

उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत प्रवर श्रेणी लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2018 (01.04.2018 से 31.12.2018), 2019, 2020, 2021, 2022 तथा 2023 की दिनांक- 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची इस कार्यालय के समसंख्यक परिपत्र दिनांक-10.10.2024 के द्वारा इस आशय के साथ परिचालित की गई थी कि क्र. सं. 1 से 111 तक के कार्मिकों के संदर्भ में विवरण के संबंध में तथा क्रम सं. 112 से 247 के कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/ विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल anita.suresh@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर दि. 25.10.2024 को सायं 05.00 बजे तक इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें ।

उपरोक्त परिपत्र दिनांक- 10.10.2024 के अनुक्रम में 09 कार्मिकों द्वारा अपना अभ्यावेदन/ आपत्तियाँ प्रेषित की गई हैं । प्र.श्रे.लि. संवर्ग की ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची के संबंध में प्राप्त सभी अभ्यावेदनों/ आपत्तियों का सावधानीपूर्वक विचार करने के उपरान्त सक्षम अधिकारी द्वारा सभी अभ्यावेदनों/ आपत्तियों को समसंख्यक आदेश दिनांक- 28.11.2024 द्वारा निस्तारित कर दिया गया है ।

समसंख्यक आदेश दिनांक- 28.11.2024 के क्र.सं. 08 में श्री अनंत दीप मिश्रा, प्र.श्रे.लि. से प्राप्त अभ्यावेदन/ आपत्तियों के निस्तारण के संबंध में सक्षम अधिकारी के निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत प्रवर श्रेणी लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2021 की संशोधित ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची इस आशय के साथ परिचालित की जा रही है कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय कार्यालय/ कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के कार्यालयाध्यक्ष व शाखाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अतंर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक/प्रभारी अपने अधीनस्थ प्रवर श्रेणी लिपिक संवर्ग के समस्त कार्मिकों को इसका अवलोकन करा दें तथा इसकी पुष्टि हेतु हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

संशोधित ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/ विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल **anita.suresh@esic.nic.in** तथा **alokk.rai@esic.nic.in** पर दि. 06.12.2024 को सायं 05.00 बजे तक इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें अन्यथा विलम्ब से प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वरिष्ठता सूची को अंतिम मान लिया जाएगा ।

उप क्षेत्रीय कार्यालय/कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय द्वारा विवरण के संबंध में अभ्यावेदन/ आपत्ति अग्रेषित करते समय संबंधित साक्ष्य (सेवा पुस्तिका/ कार्यालय आदेश की सत्यापित प्रति) संलग्न की जानी आवश्यक है ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची वेबसाइट www.esic.gov.in पर भी उपलब्ध है ।

संलग्नकः यथोपरि ।

Signed by Anita Suresh
Date: 28-11-2024 14:56:16

(अनिता सुरेश)

उप निदेशक (स्थापना-I)

कृते अपर आयुक्त आयुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपिः-

1. क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) महोदय के निजी सचिव, निजी सचिव अनुभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ ।

2. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाइ हेतु ।

3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

4. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

5. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

6. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सहायक संवर्ग कीड्राफ्ट वरिष्ठता सूची की प्रति विषय "REVISED DRAFT SENIORITY LIST OF UPPER DIVISION CLERKS POSTED IN U.P. REGION for Year 2021" के साथ वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें ।

7. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।